**प्रेस नोट दिनांक 11.04.2026**

**थाना- बारादरी जनपद बरेली**

**थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा चोरी की घटना का 24 घण्टे में सफल अनावरण कर घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को चोरी की 02 मोटर साइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 10.04.2026 को वादी श्री विजय सिंह पुत्र अजय पाल सिंह निवासी कस्बा व थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर द्वारा सूचना दी कि दिनांक 06.04.2026 को वादी के तहेरे भाई के घर मो0 पवन बिहार थाना बारादरी बरेली से किसी अज्ञात चोर द्वारा घर के बाहर से चोरी कर ली गयी है । उक्त तहरीर के आधार पर थाना बारादरी पर दिनांक 10.04.2026 को मु0अ0सं0 442/2026 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

**सूचना एवं पुलिस कार्यवाहीः-**

घटना का सफल अनावरण हेतु थाना बारादरी पर पुलिस टीम गठन किया गया। थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा लगभग 350 सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तथा सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सटीक सूचना पर अभियुक्तगण 1. नितिन कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी परवाना नगर थाना इज्जतनगर जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष 2. अमन सागर पुत्र मान सिंह नि0 छोटी विहा थाना इज्जतनगर जिला बरेली उम्र करीब 18 वर्ष को मय चोरी की 02 मोटर साइकिल तथा एक मोटर साइकिल के साथ भरतौल रोड से गिरफ्तार किया गया। मोटर साइकिल बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी की गयी तथा अग्रिम विवेचना मु0अ0सं0 442/2026 अन्तर्गत धारा 303(2)/317(2) BNS में सम्पादित की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तों को रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पूछताछः-**

अभियुक्तों से पूछने पर जानकारी हुई कि अभियुक्त नितिन कुमार उपरोक्त ने बताया कि मुझे मंहगे मोबाइल का शौक है तथा आईफोन 17 खरीदना चाहता था, इसीलिए यह मोटर साइकिल 4-5 दिन पहले मो0 पवन विहार से चोरी की थी तथा दूसरी स्प्लेण्डर मोटर साइकिल को थाना इज्जतनगर क्षेत्र से अपने साथी अमन सागर के साथ चोरी की थी तथा बताया कि मोटर साइकिल का लॉक मैं खोलता था तथा कुछ दूरी पर खडे अमन को अपनी पहचान छुपाने के लिए ले जाकर दे देता था अमन उसे चलाकर घर में छुपाकर खडी कर लेता था । आज हम दोनों इन चोरी की मोटर साइकिलों का सौदा करने के लिए आये थे कि पकडे गये।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –**

**नितिन कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी परवाना नगर थाना इज्जतनगर जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष**

मु0अ0सं0 0613/2025 धारा 115(2)/351(3)/352 बी0एन0एस0 थाना इज्जतनगर बरेली ।

**अमन सागर पुत्र मान सिंह नि0 छोटी विहा थाना इज्जतनगर जिला बरेली उम्र करीब 18 वर्ष**

**बरामदगी**

1. 02 मोटरसाईकिल

**पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली ।
2. उ0नि0 मनीष भारद्वाज चौकी प्रभारी रूहेलखण्ड थाना बारादरी बरेली ।
3. हे0का0 769 राघवेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली ।
4. हे0का0 144 विनोद कुमारथाना बारादरी बरेली ।
5. हे0का0 300 धनवीर सिंह थाना बारादरी बरेली ।
6. हे0का0 33 साबिर अली थाना बारादरी बरेली ।